हम बरसाने वाले है,
हम बरसाने वाले है,
सारी दुनिया से अपने,
अंदाज निराले है,
हम बरसाने वाले हैं,
हम बरसाने वाले है।।

मेरी श्यामा की चौखट,
सदा यहाँ रहता नटखट,
हाथ जिस सर पर धरती,
श्याम अपनाता झटपट,
श्री राधे राधे गाए,
वो मोहन के मन भाए,
जिसे लाड़ली बुलाती,
वो ही बरसाना आए,
अपनाए जाते ना,
दिल से भुलाने वाले है,
हम बरसाने वाले हैं,
हम बरसाने वाले है।।

अटा बरसाने वारी,
तीन लोकों से न्यारी,
भुजा दोनों को पसारे,
कृपा बरसाने वारी,
तहाँ श्यामा आप विराजे,

संत भक्तो के काजे,
जहाँ नित आनंद बरसे,
ख़ुशी के बादल गरजे,
डर ना किसी का अब ना,
किसी से घबराने वाले है,
हम बरसाने वाले हैं,
हम बरसाने वाले है।।

श्री श्यामा श्याम की जोड़ी,
है चंदा एक चकोरी,
पूनम में मिलते दोनों,
प्रेम की सात री खोरी,
अँखियोनो श्याम मिलाए,
वो जा परदे छिप जाए,
नैन श्यामा भी मिलाती,
राह पलके है बिछाए,
वो पाली सबका गलफन में,
समझाने वाले है,
हम बरसाने वाले हैं,
हम बरसाने वाले है।।

हम बरसाने वाले हैं,
हम बरसाने वाले हैं,
सारी दुनिया से अपने,
अंदाज निराले है,
हम बरसाने वाले हैं,
हम बरसाने वाले है।।

Source: https://www.bharattemples.com/hum-barsane-wale-hai-in-hindi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw